सार समाचार

कोविड-19 को हराने के सभी एकजुट हों



नई दिल्ली, भाषा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को देशवासियों से आग्रह किया कि सभी सामूहिक संकल्प और अनुशासन के बल पर कोविड-19 को हराने के लिए एकजुट हो। उन्होंने सभी से मास्क पहनने, बार-बार हाथ धोने और दो गज की दूरी बनाये रखने का भी अनुरोध किया। कोविंद ने ट्वीट किया है, ''सामूहिक संकल्प और अनुशासन के बल पर पूरा देश कोविड-19 को हराने के लिए एकजुट है। मैं देशवासियों से आग्रह करता हूं कि सभी लोग - मास्क पहनें, हाथ धोते रहें, सामाजिक दूरी का पालन करें। हम सब एकजुट होकर लड़ेंगे, और जीतेंगे!..लड़ाई के लिए एकजुट हों।

श्रम सुधार विधेयक काले कानून हैं : थोराट

मुंबई, भाषा। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री बालासाहेब थोराट ने बृहस्पतिवार को संसद द्वारा पारित तीन श्रम सुधार विधेयकों को 'काला कानून' करार दिया, जो कामगार वर्ग के हितों के खिलाफ है। श्रमिक संघों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उल्लेखनीय है कि संसद ने पिछले महीने तीन अहम श्रम सुधार विधेयकों को मंजूरी दी थी, जो कंपनियों के कारोबार समेटने की बाधा को दूर करता है और 300 कर्मचारियों तक वाली कंपनियों को बिना सरकार की अनुमति के श्रमिकों को निकालने की अनुमति देता है। 'उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्यदशा संहिता 2020, 'औद्योगिक संबंध संहिता 2020 और 'सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 को संसद ने मंजूरी दी है। थोराट ने कहा, '' नये कानून मजदूर विरोधी हैं। ये काले कानून हैं, जो अन्यायपूर्ण हैं।'' उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग के लिए मुंबई का विशेष स्थान है और श्रम क्षेत्र में यह महत्व उसने मेहनत से कमाया है। थोराट ने कहा कि मजदूर संघों से हुई बातचीत का ब्योरा मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से चर्चा के बाद मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा।

प्रशासन/राजनीति

कार्यकर्ताओं पर पुलिस कार्रवाई ममता सरकार का 'तानाशाही'

केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अब लोकतंत्र नहीं है और दावा किया कि इस प्रकार लाठी-डंडे और पुलिसिया दमन से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में भाजपा के विस्तार को नहीं रोक सकेंगी।

नई दिल्ली ■ भाषा

भाजपा ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता और हावड़ा में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों पर पुलिस की कार्रवाई की बृहस्पतिवार को कड़ी भर्त्सना करते हुए इसे लोकतांत्रिक विरोध दर्ज करने के अधिकार के खिलाफ राज्य की तृणमूल कांग्रेस की सरकार का ''तानाशाही'' रूप करार दिया।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अब लोकतंत्र नहीं है और दावा किया कि इस प्रकार लाठी-डंडे और पुलिसिया दमन से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में भाजपा के विस्तार को नहीं रोक सकेंगी। उन्होंने कहा, ''बंगाल में लोकतंत्र नहीं है। वहां जो भी विरोध करता है उसको या तो केस में फंसा दिया जाता है या फिर शासन द्वारा परेशान किया जाता है या फिर हत्या की स्थिति भी आ जाती है।''

उन्होंने कहा, ''बंगाल में आज लोकतांत्रिक विरोध दर्ज करने के खिलाफ जिस तरह से वहां की सरकार का तानाशाही रूप सामने आया है, भाजपा उसकी भर्त्सना करती है।'' प्रसाद ने दावा किया कि पुलिस की कार्रवाई में भाजपा के 1500 से ज्यादा कार्यकर्ता घायल हुए हैं। इन कार्यकर्ताओं में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद मेनन और प्रदेश के उपाध्यक्ष राजू बनर्जी सहित कई अन्य नेता शामिल हैं। उन्होंने आशंका जताई की कि पुलिस की ओर से की गई पानियों की बौछार के दौरान इस्तेमाल किए गए पानी में रसायन मिला हुआ था।

भाजपा नेता ने ममता बनर्जी से पूछा, ''क्या लगता है आप लाठी-डंडे और पुलिसिया दमन से भाजपा के विस्तार को रोक लेंगी? आप इसमें सफल नहीं होंगी। पहले भी आपने रोकने की बहुत कोशिश की लेकिन प्रदेश की जनता ने हमें पिछले लोकसभा चुनाव में 18 सीटें दी।'' उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता बदलाव चाहती है, इसलिए ''डर, खौफ और दमन'' की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा, ''बंगाल के लोगों को हम आश्वस्त करना चाहते हैं कि बंगाल में बदलाव के लिए भाजपा सतत तैयार रहेगी। जनता की परेशानियों पर शांतिपूर्ण तरीके से लोकतांत्रिक आवाज उठाती रहेगी।

भाजपा जल्द अपने दम पर महाराष्ट्र में सत्ता में आएगी

मुंबई ■ भाषा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को जनादेश मिला था, लेकिन दल के साथ 'धोखा' किया गया और पार्टी जल्द अपने दम पर राज्य की सत्ता में आएगी। वह यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोल रहे थे। नड्डा ने कहा, '2019 के विधानसभा चुनाव में जनादेश भाजपा के लिए था, लेकिन हम से धोखा किया गया। मैं महाराष्ट्र के भाजपा कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करता हूं कि जल्द सभी तीनों (सत्तारूढ़) पार्टियां विपक्ष में बैठेंगी और भाजपा अपने दम पर सत्ता में आएगी।'

उन्होंने कहा, 'हम सरकार को पूरी तरह से उखाड़ फेंकेगे।'

भाजपा और शिवसेना ने 2019 का विधानसभा चुनाव मिल कर लड़ा था, लेकिन चुनाव के बाद

शिवसेना भाजपा से सत्ता साझेदारी को ले कर विवादद के बाद अलग हो गई थी और राकांपा तथा कांग्रेस के साथ मिल कर सरकार बना ली थी। नड्डा ने कहा, 'स्थिति इतनी खराब है कि कोई नहीं जानता है कि महाराष्ट्र में सत्ता में कौन है। बायां हाथ यह नहीं जानता है कि दायां हाथ क्या कर रहा है।'

उन्होंने कहा, 'कई लोग देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री के तौर पर देखना चाहते हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में हम असल विपक्ष हैं और राज्य में जल्द ही सत्तारूढ़ दल बनने जा रहे हैं।'

उपचुनाव नहीं होने से आफत नहीं आ जाती

बेंगलुरू ■ भाषा

कोविड-19 महामारी के बीच बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में 54 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव पर आपत्ति जताते हुए जद (एस) के नेता एच. डी. कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर इस प्रक्रिया को रोक दिया जाता तो आफत नहीं आ जाती। उन्होंने चुनाव आयोग, केंद्र और राज्य सरकारों को चेतावनी दी कि वे आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं क्योंकि चुनावी प्रक्रिया और प्रचार के दौरान सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करना मुश्किल है।

कर्नाटक के सीरा और राजराजेश्वरी नगर विधानसभा क्षेत्र में भी तीन नवम्बर को उपचुनाव होने

वाले हैं। कुमारस्वामी ने कहा, ''...मेरे विचार से अगर चुनाव आयोग, केंद्र सरकार और राज्य सरकार को आम समझ होती तो विधान परिषद् के चुनाव, 54 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव और बिहार विधानसभा के लिए चुनाव कराना अभी जरूरी नहीं था।'' उन्होंने कहा, ''क्या आप सोचते हैं कि चुनाव आयोजित करना संभव होगा?'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान सामाजिक दूरी बनाए रखना मुश्किल होगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि नेता खुद की जिंदगी से भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

उद्धव ठाकरे बिहार में करेंगे चुनाव प्रचार

मुंबई, भाषा। शिवसेना अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे। शिवसेना ने बृहस्पतिवार को 22 नेताओं की सूची जारी की जो बिहार में चुनाव प्रचार करेंगे। चुनाव प्रचार करने वालों की सूची में उद्धव ठाकरे के अलावा उनके बेटे एवं राज्य के पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे का नाम भी शामिल है। शिवसेना करीब 50 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बिहार में चुनाव प्रचार करने वाले अन्य शिवसेना नेताओं में सुभाष देसाई, संजय राउत, अनिल देसाई, विनायक राउत, अरविंद सावंत, प्रियंका चतुर्वेदी, राहुल शेवाले और कृपाल तुमाने शामिल हैं।

शिवसेना का भाजपा पर तीखा हमला

कहा, राजनीतिक विरोधियों पर साइबर हमले कराने वालों को चीन से निपटने में दिक्कत नहीं होनी चाहिये।

मुंबई ■ भाषा

शिवसेना ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिन्होंने महाराष्ट्र में राजनीतिक विरोधियों पर 'साइबर हमले' कराए, उन्हें सीमा पर भारत से भिड़ रहे चीन से निपटने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये।

शिवसेना की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया था कि जून में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में मुंबई पुलिस और राज्य सरकार को बदनाम करने के लिये 'हजारों' ट्विटर अकाउंट बनाए गए थे। कांग्रेस के बयान के बाद शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' में भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस ने इसे 'भाजपा द्वारा फैलाया जा रहा सोशल मीडिया आतंकवाद' करार दिया था। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को 'झूठे और बेबुनियाद' बताते हुए खारिज कर दिया था।

भाजपा की पूर्व सहयोगी शिवसेना और कांग्रेस

महाराष्ट्र की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार में घटक दल हैं।

'सामना' में एक संपादकीय में दावा किया गया है कि 14 जून को राजपूत की मौत के बाद 'सोशल मीडिया पर 80 हजार फर्जी अकाउंट' बनाए गए, जिन्हें अमेरिका, नेपाल , तुर्की, जापान, सिंगापुर, थाईलैंड, इंडोनेशिया और श्रीलंका से चलाया जा रहा था। मुखपत्र में भाजपा का नाम लिये बिना कहा गया है, 'जो सरकार महाराष्ट्र में राजनीतिक विरोधियों पर ऐसे साइबर हमले करा सकती हो, उसे चीन से लड़ने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये।' संपादकीय में कहा गया है, 'साइबर हमले तो नाकाम हो गए। लेकिन हमें लद्दाख और कश्मीर में जीत हासिल करने के लिये राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के वास्ते अपने राजनीतिक मतभेद भुला देने चाहिये। '

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री का राहुल पर तंज

कहा, इतनी अच्छी क्वालिटी का नशा लाते कहां से हैं।

भोपाल ■ भाषा

मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा विवाद पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की एक टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को उन पर कटाक्ष किया।

राहुल गांधी के 'संप्रग सरकार होती तो चीनी सेना को भगाने में 15 मिनट भी नहीं लगते' संबंधी बयान पर तंज कसते हुए मिश्रा ने कहा, ''यह मेरी समझ से परे है कि इतनी

अच्छी क्वालिटी का नशा वह कहां से लाते हैं।'' पूर्वी लद्दाख में चीन की सेना के साथ करीब पांच महीने से जारी गतिरोध को लेकर भाजपा नीत केन्द्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा था कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के शासनकाल में ''चीन की हमारे देश की सीमा में घुसने की हिम्मत नहीं होती, अगर संप्रग सत्ता में होता तो हमने चीन को वहां से कब का भगा दिया होता, इसमें 15 मिनट नहीं लगते।''

मिश्रा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भोपाल में संवाददाताओं से कहा, ''10 दिन में कर्जा माफ, 15 मिनट में चीन साफ। मैं तो उस गुरु को नमन कर रहा हूं, जिसने इन्हें पढ़ाया है। इतनी अच्छी क्वालिटी का नशा वह (राहुल) लाते कहां से हैं? यह समझ में नहीं आया मुझे तो।'' गौरतलब है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में 2018 में हुए विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि यदि उनकी पार्टी इन राज्यों में सत्ता में आएगी तो सरकार बनने के 10 दिन के अंदर दो लाख रूपये तक का किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। मिश्रा को राहुल गांधी के उस बयान पर प्रतिक्रिया देने को कहा गया था, जिसमें उन्होंने (राहुल) भारत एवं चीन के बीच सीमा पर तनाव को लेकर केन्द्र की भाजपा नीत राजग सरकार पर निशाना साधा था।

सुर्खियां

हाथरस मामले के आरोपियों ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा, बेगुनाही दावा

हाथरस ■ भाषा

हाथरस के कथित सामूहिक बलात्कार मामले के चार आरोपियों ने यहां के पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखा है और दावा किया है कि वे निर्दोष हैं और उन्हें मामले में झूठे ही फंसाया गया है। अलीगढ़ जिला जेल से लिखा गया पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। चारों आरोपी अलीगढ़ जिला जेल में ही बंद हैं। पत्र में मुख्य आरोपी संदीप ने यह भी दावा किया है कि उसकी कथित सामूहिक बलात्कार पीड़िता से दोस्ती थी जिसके कारण उसकी मां और भाई ने उसे मारा-पीटा था जिससे उसे गंभीर चोटें आई थी और उसी के चलते उसकी बाद में मौत हो गयी थी। हाथरस के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पत्र प्राप्त होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा, ''चारों आरोपियों ने अलीगढ़ जिला जेल अधीक्षक को एक पत्र दिया था और उन्होंने वह पत्र मुझे भेजा है। पत्र मुझे प्राप्त हो गया है, इस पर जो भी विधि सम्मत कार्रवाई होगी वह की जायेगी।''

सात अक्टूबर की तिथि वाले पत्र पर मामले के चारों आरोपियों संदीप, लवकुश, रवि और रामू उर्फ रामकुमार के अंगूठे के निशान के साथ-साथ नाम लिखे हुये हैं। पत्र हाथरस के पुलिस अधीक्षक को लिखा गया है और यह पत्र मुख्य आरोपी संदीप की ओर से लिखा गया है। आरोपियों ने बेगुनाह होने का दावा करते हुए पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराने और उन्हें न्याय सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। उन्नीस वर्षीय कथित सामूहिक बलात्कार पीड़िता की दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई थी।

सीबीआई के पूर्व निदेशक का अंतिम संस्कार

शिमला, भाषा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक अश्विनी कुमार का परिवार, दोस्तों, हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं की मौजदूगी में यहां बृहस्पतिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने अपने घर में कथित रूप से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। सीबीआई के पूर्व निदेशक 69 वर्षीय कुमार ने नगालैंड के राज्यपाल के तौर पर भी सेवा दी थी। सीबीआई के निदेशक के तौर पर उन्होंने आरुषि तलवार हत्याकांड मामले की जांच की भी अगुवाई की थी। उन्होंने एक पत्र

दंगों के सरपरस्तों से रहें सावधान : योगी

लखनऊ, भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं को 'दंगे के सरपरस्तों' से होशियार रहने की हिदायत दी और कहा कि इन विकास विरोधी चेहरों को बेनकाब करने की जरूरत है। योगी ने बुलंदशहर सीट के उपचुनाव के सिलसिले में भाजपा के मण्डल, सेक्टर एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास विरोधी लोग जाति के नाम पर लड़ा कर, शोषण और भ्रष्टाचार कर दंगाइयों को प्रश्रय देते हैं।

चैनल ने कहा माफी मांगें पुलिस आयुक्त

टीआरपी से छेड़छाड़ करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

मुंबई ■ भाषा

मुंबई पुलिस ने 'टेलीविजन रेटिंग पॉइंट' (टीआरपी) से छेड़छाड़ करने वाले एक गिरोह का बृहस्पतिवार को पर्दाफाश किया और कहा कि इस मामले के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। टीआरपी के आधार पर यह फैसला किया जाता है कि कौन सा टीवी कार्यक्रम सबसे ज्यादा देखा गया। यह दर्शकों की पसंद और किसी चैनल की लोकप्रियता भी इंगित करती है।

मुंबई पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि एक राष्ट्रीय टीवी चैनल भी टीआरपी गिरोह में शामिल है।

इस चैनल द्वारा सुशांत सिंह राजपूत के मामले में मुंबई पुलिस और महाराष्ट्र सरकार की आलोचना की गई थी। टीआरपी गिरोह का

पर्दाफाश करने वाली मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने दो मराठी चैनलों के मालिकों को दर्शकों की संख्या की रेटिंग से छेड़छाड़ करने के लिए गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि टीआरपी गिरोह में एक राष्ट्रीय समाचार चैनल भी शामिल है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा चाहे वह निदेशक, प्रवर्तक हो या चैनल का कोई अन्य कर्मचारी।

चैनल की ओर से दिए गए एक वक्तव्य में सिंह के दावों को खारिज किया गया है। सिंह ने कहा कि इन चैनलों के बैंक खातों की जांच भी की जा रही है और टीआरपी गिरोह के लिए जिम्मेदार लोगों को पुलिस पूछताछ के लिए तलब कर रही है। उन्होंने कहा, "विज्ञापन देने वाले इन टीआरपी रेटिंग के आधार पर इन चैनलों पर विज्ञापन प्रसारित करने के लिए पैसे देते थे और यह खेल हजारों करोड़ रुपये का है।"

उन्होंने कहा कि छेड़छाड़ की हुई टीआरपी रेटिंग से विज्ञापन देने वालों को दर्शकों की गलत संख्या बताई जाती थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार टीआरपी के गलत आंकड़े दिखाकर सैकड़ों करोड़ रुपये का चूना लगाया जा रहा था। कुछ घरों के गोपनीय समूह में टीवी चैनल देखे जाने के आधार पर टीआरपी की गणना की जाती है। सिंह ने कहा कि गिरोह में शामिल लोग इन घरों के लोगों को घूस देकर उनसे कहते थे कि वे टीवी पर कुछ चैनल चलाकर छोड़ दें, भले ही वह उसे देख न रहे हों। उन्होंने कहा कि ब्रॉडकास्ट ऑडिएंस रिसर्च कॉउंसिल (बीएआरसी) भारत में टीवी चैनलों के लिए साप्ताहिक रेटिंग जारी करता है और इस मामले के संबंध में उनके अधिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि टीआरपी को मापने के लिए मुंबई में दो हजार मापक इकाई स्थापित हैं। सिंह ने कहा कि बीएआरसी ने 'हंसा' नामक एजेंसी को इन इकाइयों पर नजर रखने का ठेका दिया था। पुलिस आयुक्त ने कहा कि दोनों चैनल के मालिकों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया और वे मुंबई पुलिस की हिरासत में हैं।

प्रादेशिक : समाचार

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के आदेश क्रमांक F 1(4) SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.1(a)B2File No. (16596)2019-20 Jaipur Dated 03.07.2020 के द्वारा मैसर्स भरखा देवी माईन्स & मिनरल्स, निवासी म. नं. 255,खाती मोहल्ला, गुडा, तहसील सहाडा, जिला भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम अर्शीपुरा, तहसील सहाडा, जिला भीलवाड़ा (राज.) में स्थित Plot No. 34/2017 क्षैत्रफल 4.0080 हैक्टर वास्ते खनिज फेल्सफार, क्वार्टज के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है! उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध हैं!

मैसर्स भरखा देवी माईन्स & मिनरल्स

केरल सरकार ने किसानों के लिए कल्याण बोर्ड बनाया

तिरुवनंतपुरम, भाषा। देश में पहली बार केरल सरकार ने किसानों के उन्नयन के लिए किसान कल्याण कोष बोर्ड स्थापित करने का फैसला किया है। राज्य मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में बोर्ड स्थापित करने का फैसला किया गया जिसका नाम 'केरल कृषक क्षमानिधि बोर्ड ' होगा।

मंत्रिमंडल ने डॉ.पी राजेंद्रन को केरल किसान कल्याण कोष बोर्ड के पहले अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त करने का फैसला किया। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, ''देश में पहली बार किसानों के उन्नयन के लिए इस तरह का बोर्ड स्थापित किया जा रहा है।'' केरल कृषक क्षमानिधि अधिनियम के तहत बागवानी, औषधि गुणों वाले पौधों की खेती, नर्सरी प्रबंधन, मत्स्यपालन, सजावटी इस्तेमाल में आने वाली मछलियों के पालन, मधुमक्खी पालन, रेशम पालन, पॉलट्री,बत्तख, बकरी और खरगोश पालन, कृषि के इस्तेमाल वाली भूमि प्रबंधन से जुड़े मामलों को यह बोर्ड देखेगा। बोर्ड का सदस्य बनने के लिए 100 रुपये का शुल्क देकर पंजीकरण कराना होगा और सदस्यता शुल्क 100 रुपये मासिक होगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, ''किसान मासिक शुल्क एक साथ छह महीने या सालभर के लिए भर सकते हैं। सरकार इसके बराबर की हिस्सेदारी 250 रुपये तक कल्याण कोष में सदस्यों को देगी।'' बोर्ड के सदस्य व्यक्तिगत पेंशन, परिवार पेंशन, बीमारी के लाभ, दिव्यांगता लाभ, चिकित्सा सहायता, विवाह या मातृत्व भत्ते, शिक्षा सहायता और मरणोपरांत लाभ के हकदार होंगे। कल्याण बोर्ड की महिला सदस्य या उसकी बेटी के विवाह के समय लाभ दिए जाएंगे। इस अधिनियम के तहत किसान वे हैं जो जमीन के मालिक है, लाइसेंसधारी हैं, मौखिक किराएदार हैं, सरकारी जमीन के लीजधारक हैं और कुल जमीन के पांच प्रतिशत या 15 एकड़ से कम जमीन की हिस्सेदारी रखते हैं, एवं उनकी सालाना आय पांच लाख रुपये से कम हैं।

बिहार में राकांपा उतारेगी अपने उम्मीदवार

मुंबई, भाषा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने प्रचार अभियान के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी की है। पार्टी की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया कि वह प्रचार अभियान का विवरण जल्दी ही जारी करेगी। राकांपा अध्यक्ष शरद पवार चुनाव में पार्टी की ओर से मुख्य प्रचारक होंगे।

दिल्ली-कटरा वंदे भारत ट्रेन सेवा जल्द की जाएगी बहाल

नई दिल्ली, भाषा। केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि दिल्ली से कटरा जाने वाली वंदे भारत ट्रेन सेवा जल्द बहाल की जाएगी। सिंह ने बताया कि नवरात्रि से पहले जम्मू-कश्मीर में कटरा के लिए ट्रेन सेवा बहाल करने पर रेल मंत्री पीयूष गोयल के साथ चर्चा की गई।

सिंह ने ट्वीट किया, ''रेल मंत्री पीयूष गोयल से दिल्ली-कटरा (वैष्णो देवी) वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा बहाल करने को लेकर चर्चा की।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN: L74999RJ1992PLC013387

पंजी. कार्यालय: ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी-301019

फोन: 011-27674615

ई-मेल: cs@titanbiotechltd.com/ hrd@titanbiotechltd.com

वेबसाईट : www.titanbiotechltd.com

बोर्ड मीटिंग के लिए सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **सोमवार, 19 अक्टुबर, 2020** को **903-909, 9वीं मंजिल, बिगजोस टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, दिल्ली 110034** में आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ, **30 सितम्बर, 2020** को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार किए जाएंगे। इसके अलावा, **09.10.2020 से 21.10.2020** तक पदनामित सदस्यों के लिए कंपनी की ट्रेडिंग विंडो बंद रहेगी।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड

हस्ता/-

चरनजीत सिंह

(कंपनी सचिव)

स्थान : दिल्ली

दिनांक : 08.10.2020